संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा

केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में 16 से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। संस्थान निदेशक डॉ. ओ.पी.यादव ने बुधवार को संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई । उन्होंनें कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी । हमारा कर्तव्य है कि गन्दगी को दूर करके देश की सेवा करें । उन्होनें कहा हर सप्ताह समय निकाल कर श्रमदान करें स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करें। न स्वयं गंदगी करें और न किसी को करने दे । श्रमदान कर स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी एवं भागीदारी निभायें । सभी स्टाफ ने स्वच्छता के प्रति सजग, जागरूक रहने तथा स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम के तहत समय-समय पर समस्त वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी प्रयोगशालाओं, कार्यालयों एवं आस-पास के क्षेत्रो की सफाई करेंगें। मुख्य प्रशासकीय अधिकारी के.एल. मीणा एवं सहायक प्रशासकीय अधिकारी भूपेंद्र गिरी, बी.एस. खीची ने बताया कि कार्यक्रम के तहत कार्यालय, कैम्पस में सफाई अभियान जारी रहेगा।